# The Mughal Empire

**1. अकबर द्वारा स्थापित 'इबादतखाना' के बारे में कुछ वक्तव्य दिए गए हैं, उन्हें पढ़ें**

1. अकबर ने 'इबादतखाना' की 1575 ई. में फतेहपुर सीकरी में स्थापना करवाई।
2. 'इबादतखाना' का उद्देश्य परस्पर धार्मिक विषयों पर वाद-विवाद करना था।
3. इबादतखाने में निमन्त्रित जैन साधुओं में हरिविजय सूरि, जिनचन्द्र सूरि, शान्तिचन्द्र आदि थे।

उपरोक्त कथनों में कौन-से कथन सत्य हैं?

(a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1 और 3

**2. निम्नलिखित अंग्रेजों में से कौन 'तुर्की' भाषा में प्रवीण था और जिसे 400 का मनसब एवं 'इंग्लिश खाँ' अथवा 'फिरंगी खाँ' का विरुद (खिताब) प्राप्त हुआ था?**

(a) फिंच (b) मिल्डनहॉल
(c) हॉकिन्स (d) सर टॉमस रो

**3. पानीपत के प्रथम युद्ध से सम्बन्धित कुछ कथन दिए गए हैं, उन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ें**

1. पानीपत का प्रथम युद्ध 21 अप्रैल, 1526 को बाबर व इब्राहिम लोदी के बीच हुआ।
2. बाबर ने प्रसिद्ध 'तुलुगमा नीति' का प्रयोग इस युद्ध में किया।
3. इस युद्ध में विजय के बाद बाबर ने खूब धन अमीरों एवं सगे-सम्बन्धियों में बाँटा कि लोग उसे 'कलन्दर' कहने लगे

**4. सूची I को सूची II से सही सुमेलित करें**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. पानीपत का प्रथम युद्ध (1526) | 1. बाबर व राणा सांगा |
| B. खानवा का युद्ध (1527) | 2. बाबर व इब्राहीम लोदी |
| C. चन्देरी का युद्ध (1528) | 3. बाबर व मेदिनी राय |
| D. घाघरा का युद्ध (1529) | 4. बाबर व अफगान सेना |

कूट

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**5. निम्न में कौन-सा सुमेल असत्य है?**

| सूची I (सम्राट) | सूची II (शासनकाल) |
|---|---|
| (a) अकबर | 1556-1605 ई. |
| (b) जहाँगीर | 1605-1627 ई. |
| (c) शाहजहाँ | 1627-1658 ई. |
| (d) औरंगजेब | 1659-1710 ई. |

**6. निम्नलिखित में कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

(a) जजिया कर की समाप्ति – 1564 ई.
(b) युद्धबन्दियों को दास बनाए जाने की प्रथा की समाप्ति – 1562 ई.
(c) सती प्रथा की समाप्ति – 1560 ई.
(d) तीर्थयात्रा कर की समाप्ति – 1563 ई.

**7. राजा मानसिंह किस राज्य से सम्बन्ध रखते थे?**

(a) आम्बेर/आमेर (b) कोटा
(c) मारवाड़ (d) मेवाड़

**8. किस विद्रोही राजकुमार की मदद करने के आरोप में जहाँगीर ने गुरु अर्जुनदेव को बन्दी बनाया था?**

(a) खुर्रम (b) परवेज
(c) शहरयार (d) खुसरो

**9. पुरन्दर की सन्धि किनके बीच में हुई?**

(a) अफजल खान और शिवाजी
(b) राजा जयसिंह और शिवाजी
(c) शाइस्ता खान और शिवाजी
(d) जसवन्त सिंह और शिवाजी

**10. किस किले पर कब्जा करते हुए शेरशाह की मृत्यु हुई?**

(a) कालिंजर (b) रणथम्भौर
(c) आम्बेर (d) बीकानेर

**11. 'खालसा पन्थ' के संस्थापक थे**

(a) गुरु नानक (b) गुरु अर्जुन देव
(c) गुरु गोविन्द सिंह (d) गुरु तेगबहादुर

**12. 'तख्त-ए-ताऊस' किसके निरीक्षण में बना था?**

(a) रबिया-उद-दौरानी
(b) बेबादल खाँ
(c) जहाँगीर
(d) जेरीनिमो वेरोनिओ

**13. अपनी किस विजय के स्मारक स्वरूप अकबर ने फतेहपुर सीकरी में बुलन्द दरवाजा बनवाया था?**

(a) मालवा (b) बंगाल
(c) कश्मीर (d) गुजरात

**14. निम्नलिखित में से किसने अकबर के 'दीन-ए-इलाही' धर्म को ग्रहण किया था?**

(a) बीरबल (b) भगवानदास
(c) मानसिंह (d) सुरजन राय

**15. निम्नलिखित में से कौन-सी एक किताब 'मुगलशाही परिवार' की एक महिला ने लिखी है?**

(a) अकबरनामा (b) बाबरनामा
(c) हुमायूँनामा (d) बादशाहनामा

**16. औरंगजेब ने किस सिख गुरु की हत्या करवा दी?**

(a) गुरु गोविन्द सिंह (b) गुरु रामदास
(c) गुरु तेगबहादुर (d) गुरु अर्जुनदेव

**17. 'ताजमहल' किसकी याद में बनाया गया?**

(a) मुमताज (b) जहाँगीर
(c) नूरजहाँ (d) ये सभी

**18. बाबर ने सन् 1526 में भारत में मुगल शासन की स्थापना की**

(a) राणा सांगा पर विजय प्राप्त करके
(b) सिकन्दर लोदी पर विजय प्राप्त करके
(c) दौलत खाँ लोदी पर विजय प्राप्त करके
(d) इब्राहीम लोदी पर विजय प्राप्त करके

**19. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सही सुमेलित नहीं है?**

(a) बाबर – तुजुक-ए-बाबरी
(b) गुलबदन बेगम – हुमायूँनामा
(c) बदायूँनी – तबकात-ए-अकबरी
(d) जहाँगीर – तुजुक-ए-जहाँगीरी

**20. 'पद्मावत' के लेखक मलिक मुहम्मद जायसी के शाही संरक्षक थे**

(a) अकबर (b) शेरशाह
(c) जहाँगीर (d) शाहजहाँ

**21. मुमताज महल का वास्तविक नाम था**

(a) अर्जुमन्द बानो बेगम
(b) रोशनआरा बेगम
(c) जहाँआरा बेगम (d) जीनत महल

**22. विलियम हॉकिन्स जहाँगीर के आगरा दरबार में उपस्थित हुआ और उसने जहाँगीर से वार्तालाप किस भाषा में किया?**

(a) अंग्रेजी में (b) उर्दू में
(c) तुर्की में (d) फारसी में

# Answer Key-Hindi

1.(a) 2.(c) 3.(d) 4.(c) 5.(d) 6.(c) 7.(a) 8.(d) 9.(b) 10.(a)
11. (c) 12.(b) 13.(d) 14.(a) 15.(c) 16.(c) 17. (a) 18.(d) 19.(c) 20. (b)
21.(a) 22.(c)

EduBull.com